22.09.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ देशभर में जीएसटी की नई दरें आज से लागू–आम उपभोक्ता, व्यापारियों और उद्यम संगठनों में उत्साह का माहौल।

○ जीएसटी बचत उत्सव की आज से शुरूआत–29 सितम्बर तक विभिन्न जागरुकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

○ सेवा पर्व के तहत प्रदेशभर में कई कार्यक्रम–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित फिल्म दर्शकों के लिए प्रेरणा बनी।

○ शक्ति पर्व नवरात्र के पहले दिन आज घरों और मंदिरों में घट स्थापना–अग्रसेन जयंती पर भी विभिन्न आयोजन।

000

देशभर में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार आज से लागू हो गए हैं। नए कर ढांचे के तहत, जीएसटी परिषद ने पिछले दिनों अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को 5 प्रतिशत, 12, 18 और 28 प्रतिशत की चार–स्लैब्स से सरल बनाकर 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो–स्लैब्स में बदल दिया है।

जीएसटी सुधारों के अंतर्गत सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में करों में बड़ी कटौती कर आम आदमी को राहत दी है। जीएसटी में कटौती से आम लोगों, खासकर मध्यम वर्ग पर आर्थिक बोझ कम होगा और उनकी बचत में इज़ाफ़ा होगा। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर कम करके नागरिकों को प्रत्यक्ष राहत प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस बीच, नई जीएसटी दर के पहले दिन आज जयपुर सहित प्रदेशभर के बाजारों में खासी रौनक दिखाई दी। लोग अपनी जरूरत के घरेलू और इलेक्ट्रोनिक उत्पादों के साथ वाहनों की खरीदारी करते नजर आए। उद्यम संगठन और व्यापारी वर्ग भी सरकार की इस पहल से उत्साहित हैं।

000

जीएसटी की नई स्लैब के साथ ही आज से देशभर में जीएसटी बचत उत्सव की भी शुरूआत हुई। 29 सितम्बर तक चलने वाले इस उत्सव का उद्देश्य जीएसटी दरों में कटौती का लाभ आम उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के साथ ही व्यवसायी वर्ग को प्रेरित करना है।

जीएसटी विभाग की ओर से व्यापारियों को नई दरों की जानकारी देने के लिए कार्यक्रम रखे गये। झुंझुनूं में जिला प्रशासन की ओर से सेमीनार रखी गई। इसमें व्यापारिक संगठनों, सीए और उद्यमियों ने भाग लिया। राज्य जीएसटी के संयुक्त आयुक्त उमेश जालान ने बताया कि विभाग नई दरों का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

000

जयपुर के सांगानेर में आयोजित बचत उत्सव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शिरकत की। श्री शर्मा ने व्यापारियों से विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए मिल कर काम करने का अनुरोध किया।

000

केन्द्र सरकार ने देश में पीएम उज्ज्वला योजना में 25 लाख नए पात्र परिवारों को जोड़ने का फैसला किया है। नवरात्रि के पहले दिन सरकार द्वारा दिये गये इस उपहार पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने माताओं और बहनों को शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का यह कदम इस पावन पर्व पर नई खुशियां देगा और महिला सशक्तिकरण के संकल्प को भी मजबूत करेगा।

000

प्रदेशभर में चल रहे स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत टोंक जिले के मुड़िया गांव में मेगा हेल्थ केम्प आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि इसके तहत महिलाओं को सशक्त बनाने, मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण को बढ़ावा देने, गैर संचारी रोग, एनिमिया, टीबी, टीकाकरण, प्रसव पूर्व जांच सहित मातृ शिशु स्वास्थ्य को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से महिलाओं को जागरुक किया गया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के मौके पर शुरू हुए सेवा पर्व के तहत आज भी कई गतिविधियां आयोजित हुई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने निवास पर पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने आमजन से भी एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ने और अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। श्री शर्मा ने कहा कि सेवा पखवाड़े के तहत चलाये जा रहे शहरी और ग्रामीण सेवा शिविरों में आमजन को तुरंत सुविधाएं और सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतिम पायदान के व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जा रहा है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित ''चलो जीते हैं'' फिल्म का प्रदर्शन देशभर के 500 सिनेमाघरों और शिक्षण संस्थानों में किया जा रहा है। प्रदेश की 56 स्क्रीनों पर भी इस प्रेरणादायी फिल्म का प्रदर्शन किया जा रहा है। लोग इसे उत्साह तथा नव संचार से भरी फिल्म बता रहे हैं। उदयपुर के एक दर्शक डॉ. ओम प्रकाश ने फिल्म देखने के बाद अपनी प्रतिक्रिया कुछ इस तरह ज़ाहिर की।

000

शक्ति पर्व नवरात्र की आज से शुरूआत हुई।

000

इस बार तिथि वृद्धि के चलते नवरात्र नौ की बजाय दस दिन चलेंगे। नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की विधिवत पूजा अर्चना की गई। इससे पहले घरों और मंदिरों में शुभ मुहुर्त में घट स्थापना की गई। हवन यज्ञ के साथ विभिन्न देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ बनी रही। आमेर के शिलामाता, जोधपुर के मेहरानगढ़ दुर्ग, बीकानेर के देशनोक स्थित करणी माता मंदिर साथ ही सभी छोटे–बड़े दुर्गा मंदिरों और शक्तिपीठों में विशेष अनुष्ठान किये गये। जैसलमेर में भारत–पाक सरहद के पास स्थित तनोट माता मंदिर में आमजन के साथ सीमा प्रहरियों ने माता के धोक लगा सुख समृद्धि की कामना की।

000

हमारे करौली संवाददाता ने बताया कि प्रमुख शक्तिपीठ केलादेवी में घट स्थापना के साथ ही आज से मेले की शुरूआत हुई।

000

महाराजा अग्रसेन की जयंती आज धार्मिक उल्लास के साथ मनाई जा रही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में कहा कि महाराज अग्रसेन का सम्पूर्ण जीवन सामाजिक न्याय और एकता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उनका सद्भाव और आपसी भाईचारे का संदेश देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। अग्रसेन जयंती के अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न संगठनों की ओर से कार्यक्रम रखे गये। जयपुर में अनुष्ठान और सम्मान समारोह सहित कई आयोजन हुए। शाम को मुख्य बाजारों से होकर महाराज अग्रसेन की पारम्परिक शोभायात्रा निकाली जा रही है। सवाईमाधोपुर, भरतपुर, करौली, चूरू सहित कई अन्य जिलों में भी अग्रसेन जयंती पर धूमधाम के साथ शोभायात्राएं निकाली गई।

000

कोटा जिले में खातौली के पास पार्वती नदी में आज चार युवक डूब गये। पुलिस उपाधीक्षक शिवम जोशी ने बताया कि हादसे के शिकार लोग पिकनिक मनाने गये थे और नहाते समय पानी के तेज बहाव में फंस गये। पुलिस ने एसडीआरएफ और गोताखोरों की मदद से तलाश अभियान चलाया है। एक युवक का शव निकाला जा चुका है, जबकि अन्य की तलाश जारी है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 सितम्बर को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक कार्यक्रम की 126वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 26 सितम्बर तक स्वीकार किए जाएंगे।

000

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने आज जोधपुर के लूणी में किसानों से संवाद कर जीएसटी रिफॉर्म पर चर्चा की। श्री पटेल ने नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म पर ग्रामीणों की जिज्ञासाओं का जवाब दिया और कहा कि कृषि तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को इससे लाभ मिलेगा। संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि 1800 सीसी तक के ट्रैक्टर की खरीद पर अब 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगी। इसके अलावा कृषि तथा डेयरी क्षेत्र के उत्पादों पर भी जीएसटी की नई दरों को फायदा मिलेगा। श्री पटेल ने कहा जीएसटी की नई दरें किसानों को सशक्त बनाने, डेयरी उत्पादों के मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने और डेयरी उत्पादों को हर घर के लिए अधिक किफायती बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

000